>

Title: Need to protect the crops of farmers from the wild animals in Bihar.

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली): किसान बाढ़ और सुखाड़ से तबाह है। ...(व्यवधान) किसान तबाह है राज्य सरकार से। ...(व्यवधान) किसान तबाह है भारत सरकार से। ...(व्यवधान) किसान सबसे तबाह है। प्राकृतिक आपदा से और कीड़ाखोरी से बराबर तबाह है। ...(व्यवधान) अभी किसान तबाह है जंगली जानवर से। जो किसान गंगा, गंडक और बूढ़ी गंडक नदियों के किनारे बसे हुए हैं, ...(व्यवधान) उनकी फसलों को नीलगाय छिपकर खा जाती है। ...(व्यवधान) बनैया सुअर आलू की फसल को उखाड़ कर खा गया। ...(व्यवधान) ये जंगली जानवरी संरक्षित प्राणी के नाम से दर्ज हैं ...(व्यवधान) और मामला चला जाता है किसानों पर। किसान रो रहे हैं। ...(व्यवधान) न मुआवज़ा दिया गया, न उसे उसके लिए सुरक्षा का उपाय किया गया। अब किसान क्या करे। ...(व्यवधान) वे त्राहि-त्राहि कर रहे हैं। ...(व्यवधान) वन्य संरक्षित प्राणियों में उन जानवरों का नाम है। ...(व्यवधान) राज्य सरकार को लिखा गया, ...(व्यवधान) उसने कहा कि मुआवज़ा देंगे और उसे बचाएंगे। ...(व्यवधान) लेकिन फसल की सुरक्षा नहीं हो रही है। ...(व्यवधान) गेहूं, आम और धनिया के पेड़ लगाये गये, सभी को नीलगाय चर जा रही है। ...(व्यवधान) जो जमीन के अंदर की फसलें हैं जैसे ओल और आलू, उसे बनैया सुअर बर्बाद कर रहा है। ...(व्यवधान) भर्थुआ में बनैया सुअर एक किसान के पैर में मारकर उसका पैर फाड़ दिया। वह किसान मर गया। ...(व्यवधान) दूसरा किसान अस्पताल में भर्ती है। ...(व्यवधान) इतनी तबाही है बनैया सुअर से। ...(व्यवधान) किसान इससे त्राहि-त्राहि कर रहे हैं। ...(व्यवधान) जंगली जानवरों से उनकी फसलों की सुरक्षा का कोई उपाय नहीं हुआ है। ...(व्यवधान) न ही मुआवजा दिया गया है। ...(व्यवधान) इसलिए मैं मांग करता हूं कि भारत सरकार सावधान हो। ...(व्यवधान) वह राज्य सरकार को उसे बचाने के उपाय करने के लिए कहे। दूसरा, उनको मुआवज़ा मिले। ...(व्यवधान) तीसरी बात, संरक्षित वन्य प्राणियों की सूची से इन जानवरों को हटा दिया जाए, ...(व्यवधान) जिसके चलते किसानों की बर्बादी होती है। ...(व्यवधान) मेरी यही मांग है, इस पर विचार होना चाहिए। ...(व्यवधान)

सभापति महोदय :

श्री के.पी. धनपालन तथा

श्री अनुराग सिंह ठाकुर स्वयं को डा. रघुवंश प्रसाद सिंह द्वारा उठाये गये मामले से संबद्ध करते हैं।

â€¦(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Please conclude.